भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 55

उत्तर देने की तारीख 1 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

राष्ट्रमंडल और ओलंपिक खेलों की मेज़बानी

55. श्री ए. राजा:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारत में राष्ट्रमंडल खेल 2030 और ओलंपिक खेल 2036 की मेज़बानी की तैयारी संबंधी कार्यकलाप आरंभ कर दिए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या ऐसे अंतरराष्ट्रीय खेलों की मेज़बानी के लिए अवसंरचना की आवश्यकताओं की पर्याप्तता का पता लगाने के लिए कोई समीक्षा की गई है;

(घ) यदि हां, तो क्या कोई कमी पाई गई और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त खेलों की मेज़बानी के लिए आवश्यक निधि का ब्यौरा क्या है और वर्तमान वर्ष तथा आगामी वर्षों के लिए वर्ष-वार वार्षिक बजट कितना है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): भारत सरकार, भारत में राष्ट्रमंडल खेल 2030 और ओलंपिक खेल 2036 की मेजबानी करने के लिए हितधारकों के साथ निकट समन्वय में कार्य कर रही है।

राष्ट्रमंडल खेल और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की रूपरेखा के अनुरूप राष्ट्रमंडल खेल और ओलंपिक खेल की मेजबानी करने के लिए औपचारिक रूप से बोली लगाने का उत्तरदायित्व भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का है।

भारत को आधिकारिक रूप से 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी सौंपी गई है और अहमदाबाद को मेजबान शहर घोषित कर दिया गया है। ओलंपिक खेल 2036 के संबंध में बोली अभी, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के भावी मेजबान आयोग के साथ “सतत संवाद” चरण में है। 2036 के ओलंपिक खेलों से संबंधित मेजबान चयन प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति

(आईओसी) की वेबसाइट https://www.olympics.com/ioc/becoming-an-olympic-games-host/the-process-to-elect-olympic-hosts पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) और (घ) खेल अवसंरचना और खेल सुविधाओं का उन्नयन बढ़ाना एक सतत प्रक्रिया है। "खेल" राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना और सुविधाओं के निर्माण और विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य सरकारों का है। यह मंत्रालय खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकारों को खेल अवसंरचना/सुविधाओं के लिए सहायता प्रदान करता है। राज्यों में निर्मित/विकसित की गई खेल अवसंरचना का विवरण जिनके लिए मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत सहायता प्रदान की है, जिसका विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय पूरे देश में खेलों के विकास के लिए कई स्कीमें कार्यान्वित करता है। इन स्कीमों की विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है। (www.yas.nic.in/sports : www.sportsauthorityofindia.nic.in :)

(ड.) अब तक, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के वार्षिक बजट के अंतर्गत राष्ट्रमंडल खेल 2030 या ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है।

*****